# मणिमहेश यात्रा के लिए जूना अखाड़ा चंबा से रवाना हुई पवित्र छड़ी



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**जूना अखाड़ा** चंबा से मणिमहेश यात्रा के लिए पवित्र छड़ी शनिवार को धूमधाम से पुरी धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए साधु संतों की अगुवाई में रवाना हो गई। यह पवित्र छड़ी दशनामी अखाड़ा से सात दिनों तक अलग-अलग पड़ावों मैं ठहरने के बाद लगभग एक सप्ताह के बाद मणिमहेश पहुंचकर पवित्र डल झील में डुबकी लगाइए। शनिवार देर शाम को निकली इस छड़ी यात्रा से पहले जिला प्रशासन की ओर से एडीएम चंबा अमित मेहरा तथा एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने दशनामीअखाड़ा पहुंचकर जूना अखाड़ा प्रमुख महंत यतेंद्र गिरी, साधु संतों तथा शहर के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में भगवान दत्तात्रेय की पूजा अर्चना के बाद पवित्र छड़ी को विधिवत रूप से मणिमहेश स्नान के लिए रवाना किया। ये पवित्र छड़ी एक सप्ताह के बाद मणिमहेश दल पहुंच कर पवित्र झील में डुबकी लगाकर स्नान करेगी। 22 सितंबर को डल तोड? के बाद अष्टमी का स्नान होगा। उत्तरी भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के दौरान 22 सितम्बर दोपहर बाद 1 बजे से पहले डल झील को तोड? की परंपरा के बाद अष्टमी के शाही स्नान की शुरूआत होगी। सचुई गांव के त्रिलोचन महादेव के वंशज शिवजी भगवान के गुरों धर्म चंद, विजय कुमार, चमन लाल तथा उत्तम चंद ने बताया कि पुरानी मान्यताओं के अनुसार डल झील को पार करने की परंपरा का निर्वहन सप्तमी के दिन होता है, यानी हर वर्ष यह औपचारिकता सप्तमी को ही निभाई जाती है। उसी के बाद अष्टमी के स्नान की शुरूआत होती है, जिसे राधाष्टमी का स्नान कहा जाता है। सदियों से निभाई जा रही इस परंपरा का निर्वहन सचुई गांव के त्रिलोचन महादेव के वंशजों द्वारा किया जाता है जो मणिमहेश यात्रा के प्रमुख भागीदारों में से एक हैं। मान्यताओं के अनुसार 2 दिनों तक इन शिवगुरों को चौरासी मंदिर परिसर के प्रमुख शिव मंदिर के पंडाल पर बैठना पड़ता है। इस बार 19 सितम्बर को छड़ी चौरासी मन्दिर परिसर के लिए प्रस्थान करेगी तथा 19 और 20 सितम्बर को चौरासी में रहेगी। 21 सितम्बर को सुबह 9 बजे मणिमहेश के लिए रवाना होगी। चौरासी परिक्रमा के बाद पालधा गांव में का?तकेय मंदिर की परिक्रमा की जाएगी। उसके बाद रात्रि विश्राम के लिए गौरी शंकर मंदिर हड़सर पहुचेंगे। यहां से रात 2 बजे धनछो के लिए रवाना होंगे।

# हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी को बचाने को लेकर फिर लगाई गुहार



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**मंडी के बिंदरावणी** स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी को बचाने के लिए संस्थापक बीरबल शर्मा के प्रयास अभी भी जारी हैं। हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के संस्थापक बीरबल शर्मा ने बताया कि वह आखिरी सांस तक इस संग्रहालय को बचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। इसी कड़ी में वह एक बार फिर से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से उनके बिलासपुर जिले के दौरे के दौरान ग्राम पंचायत भगेड में रखे गए कार्यक्रम के दौरान मिले। उन्होंने अनुराग सिंह ठाकुर को बताया कि वह पिछले चार महीनों से लगातार इस संग्रहालय जो पूरे उतरी भारत में अपनी तरह का एकमात्र संग्रहालय है, जिसे 26 सालों से निशुल्क दर्शकों के लिए दिखाया जा रहा है, जिसमें अब तक पांच लाख से अधिक देश विदेश व प्रदेश से दर्शक आ चुके हैं, जिसे 2018 में कीरतपुर मनाली फोरलेन के निर्माण के कारण तोड़ा गया था और अब जिसे पठानकोट मंडी फोरलेन के लिए भी अधिग्रहण किया जा रहा हैए को बचाने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व एनएचएआई के उच्चाधिकारियों के साथ मामला उठाने का आग्रह किया। बीरबल शर्मा ने बताया कि अनुराग ठाकुर ने भरोसा दिलाया कि वह इस दिशा में जो भी संभव मदद हो पाएगी करेंगे।

# कबड्डी में बस्सी तो खो-खो में स्यांज रहा अव्वल, मार्च पास्ट में गोहर की धाक कायम



**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**
**तीन दिवसीय** खंड स्तरीय अंडर-19 छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता आज राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर में विधिवत संपन्न हुई। इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता में 19 स्कूलों की लगभग 300 खिलाडियों ने उम्दा खेलों का प्रदर्शन किया और अपनी धाक जमाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे एससी एसटी विभाग के जिला अध्यक्ष एवं नाचन कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी नरेश चौहान ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा आज इस प्रतियोगिता में कोई जीता है कोई हारा है मगर हमें इससे हतोत्साहित नहीं होना। हमें अपने आप को भविष्य में हर क्षेत्र में उत्कृष्ट खिलाड़ी एक अच्छा नागरिक बनाने में अपने आप को कड़ी मेहनत ईमानदारी को अनुशासन के साथ आगे बढ़ाना है। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।प्रतिस्पर्धा को पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ अपने जीवन अपनाना चाहिए। इस अवसर पर नरेश चौहान ने विजेताओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया इस खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यम की पाठशाला बस्सी की खिलाडि?ों ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर को हराकर कबड्डी की शील्ड अपने नाम की। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्यांज की छात्राओं ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चच्योट की छात्राओं को हराकर खो.खो में विजय का परचम फहराया ।योग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैल चौक का रुतबा कायम रहा। मार्च पास्ट में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर की छात्राओं का दबदबा बरकरार रहा बैडमिंटन में बस्सी की खिलाडियों ने स्यांज की खिलाडियों को हराकर शील्ड अपने नाम की तो वॉलीबॉल में स्यांज की छात्राओं ने धरोटधार की छात्रों को हराकर स्यांज स्कूल का नाम रोशन किया। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सुगम संगीत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्यांज प्रथम डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर द्वितीय राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर तृतीया वोकल म्यूजिक में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरौर प्रथम स्यांज द्वितीय और गोहर तृतीया रहा। वहीं समूह गान में गोहर प्रथम डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर द्वितीय स्यांज तृतीय, एकल एक्ट में गोहर प्रथम धरोटधार द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोआ तृतीय स्थान पर वाद्य संगीत में डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर प्रथमए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्यांज द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोआ तृतीय फोक डांस में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर प्रथम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चच्योट द्वितीय और डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर तृतीया स्थान पर रहे। वहीं पर चैस प्रतियोगिता में डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर की खिलाडियों ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर की खिलाडियों को हराकर जीत अपने नाम की। प्रतियोगिता के समापन समारोह में नरेश चौहान के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर इंटक अध्यक्ष मुरारी लाल आचार्य व अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांगड़ा और चंबा जिला से चयनित अग्निवीरों का परिणाम घोषित



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद। दनिदेशक** कर्नल मनिष शर्मा सेना मेडल सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर ने प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन ऑनलाइन लिखित परीक्षा व शारीरिक परीक्षा का फाईनल परिणाम घोषित कर दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवार अपना परिणाम भारतीय सेना के अधिकारिक वेबसाइड पर देख सकते हैं। उन्होंने जिला कांगड़ा और चंबा के सभी चयनित अग्निवीरों उम्मीदवारों से अनुरोध किया है कि अगामी दस्तावेज सम्बंधित कार्यवाही के लिए 21 सितम्बर को प्रातः 08 बजे सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर में अनिवार्य रुप से उपस्थित हो।

### शाकिर अली शाह बने यंग मुस्लिम एसोसिएशन के अध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद। अंजुमन इस्लामिया चम्बा ने यंग मुस्लिम एसोसिएशन के अध्यक्ष पद की कमान एडवोकेट शाकिर अली शाह को दी है। रविवार को जिला अंजुमन इस्लामिया चम्बा की बैठक जामा मस्जिद चम्बा में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अंजुमन के सदर डॉ इसरार अली शाह जी ने की इसी बैठक में यह निर्णय लिया गया तथा यंग मुस्लिम कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमे शाकिर अली शाह जी को अध्यक्ष बनाया गया। जिसमे सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। इसके साथ निसार अली व साजिद खान ;बंटीद्ध को उपाध्यक्ष, मुजेब खान व अजीम मिर्जा को महासचिव और रजब मिर्जा, फरहान मिर्जा, आरिफ खान को सचिव बनाया गया। बाकी कार्यकारिणी का विस्तार आने वाले समय में किया जाएगा।

### नेहरू युवा केन्द्र की ओर से जाडला पंचायत में विकास दिवस का हुआ आयोजन, पौधारोपण कार्यक्रम भी हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष। रविवार को** नेहरू युवा केंद्र के आदेशानुसार जाडला पंचायत में विकास दिवस मनाया गया जिसमें पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इसमें लोगों ने बढ़-चढकर भाग लिया इस दौरान लोगों ने विकास दिवस को लेकर चर्चा की वहीं प्रकृति को बचाए रखने के लिए पौधारोपण करने का प्रण भी दिया। इस दौरान पंचायत प्रधान अंजुला भंडारी उप प्रधान हेमंत ठाकुर वार्ड सदस्य रेखा, रीना नरेंद्र, पवन व स्वयंसत्ता समूह की महिलाओं से पुष्पा रावत, दीक्षा रावत, अनिल रावत, योगेश और रमेश मौजूद रहे।

# सरकाघाट के बाद अब नगवाईं में बांटे चमन कपूर ने दो लाख के टेंट



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी में सरकाघाट के 100 प्रभावित परिवारों को 15 लाख की कीमत के टैंट बांटने के बाद अब नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर ने नगवाईं स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन में रह रहे 14 प्रभावित परिवारों को दो लाख के टैंट और 50 हजार की राहत राशि सहयोग के रूप में प्रदान की। चमन कपूर नगवाईं स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन पहुंचे जहां पर सराज विधानसभा क्षेत्र की खोलानाल पंचायत के 14 प्रभावित परिवारों के 50 से अधिक लोग आसरा लिए हुए हैं। चमन कपूर ने बताया कि बीते दिनों पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर यहां प्रभावितों से मिलने आए थे और उसके बाद इन प्रभावितों की मदद के निर्देश प्राप्त हुए थे। उसी के तहत आज इन प्रभावितों को टेंट मुहैया करवाए गए हैं। एक टेंट की कीमत 15 हजार है और यह वे टैंट हैं जिन्हें सेना इस्तेमाल करती है। इस टैंट में 7 से 8 लोग आसानी से रह सकते हैं। उन्होंने प्रभावितों के साथ बैठकर उनका दुख दर्द भी जाना और भविष्य में हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया। चमन कपूर ने बताया कि वे अपने हिमालया पुत्रा ट्रस्ट में दूसरे दानी सज्जनों से सहयोग मांगकर उस राशि को प्रभावितों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। टैंट खरीदने और इन्हें प्रभावितों तक पहुंचाने में हिमालया पुत्रा ट्रस्ट को रोटरी क्लब मनाली और मेक माई ट्रिप फाउंडेशन का भी पूरा सहयोग मिला है। उन्होंने बताया कि 35 से अधिक टैंट आनी के लिए भेजे गए हैं और इन्हें जल्द ही वहां के प्रभावितों को वितरित किया जाएगा। प्रभावितों ने उन्हें टैंट मुहैया करवाने के लिए चमन कपूर सहित आए हुए सभी लोगों का आभार जताया और सरकार से जल्द से जल्द जमीन मुहैया करवाकर आशियाने बसाने की गुहार लगाई है। इस मौके पर नानक चंद नंदू, रोटरी क्लब मनाली की तरफ से राकेश चोपड़ा, अशोक शर्मा, राधा स्वामी सत्संग भवन की तरफ से तेज राम, ठाकुर दास और द्रंग मंडल भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# ऊर्जा प्रबंधन में सकारात्मक बदलाव लाने में एकल ऊर्जा ट्रेडिंग डेस्क निभाएगा महत्वाकांक्षी भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**हिमाचल प्रदेश** सरकार ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में विद्युत व्यापार रणनीतियों और क्रय.विक्रय के समन्वय में क्रांतिकारी बदलाव लाने के दृष्टिगत एकल ऊर्जा ट्रेडिंग डेस्क स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इससे प्रदेश में ऊर्जा प्रबंधन में सकारात्मक बदलाव आएगा तथा वित्त वर्ष 2024-25 में लघु, मध्यम और दीर्घकालिक कुशल योजना तैयार करने में मदद के साथ ही ऊर्जा संसाधनों का आर्थिक निक्षेप सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में प्रचुर जल संसाधन उपलब्ध हैं जिससे 24,567 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन का अनुमान है, जबकि अभी तक 172 जलविद्युत परियोजनाओं के माध्यम से 11,150 मेगावाट का ही दोहन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र की तीन महत्त्वपूर्ण इकाईयों ऊर्जा निदेशालय डीओई, हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड एचपीपीसीएल और हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड एचपीएसईबीएल के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता है और सरकार इस पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि संचार की कमी और असमान मूल्य निर्धारण रणनीतियों के कारण कभी-कभी कम दरों पर बिजली का विक्रय और उच्च लागत पर खरीद की जाती है, जिससे अक्षमताएं बढ? के साथ ही प्रदेश को राजस्व का भी नुकसान होता है। इस पहल के महत्व पर बल देते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ऊर्जा निदेशालय, अन्य संस्थाओं के विपरीत, एक विनियमित इकाई नहीं है और विद्युत बिक्री से सारा राजस्व सरकारी प्राप्तियों में प्रवाहित होता है। इसके विपरीत, एचपीपीसीएल और एचपीएसईबीएल के विद्युत क्रय-विक्रय और गतिविधियों को हिमाचल प्रदेश विद्युत नियामक आयोग एचपीईआरसी द्वारा पूर्व-अनुमोदन आवश्यक है। इसके दृष्टिगत राजस्व को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ विद्युत विक्रय और खरीद प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए एक केंद्रीय सेल स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तीसरे संवितरण संकेतक के अनुरूप ऊर्जा निदेशालय, एचपीपीसीएल और एचपीएसईबीएल के मौजूदा व्यापारिक अनुबंधों को एकल ट्रेडिंग डेस्क में विलय करने की आवश्यकता है।

# अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया फल वितरण: डोगरा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**भाजपा प्रदेश** अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की उपलक्ष पर अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा डीडीयू हॉस्पिटल रिपन शिमला में फल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्र मंत्री अनुराग ठाकुर विशेष रूप में उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा कार्य करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को मान रहा है और 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमो में अग्रिम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एक बहुत बड़ा वर्ग है और जिस प्रकार से इस वर्ग ने समाज की सशक्तिकरण के लिए कार्य किया है वह उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों योजना का प्रारंभ किया है, जिससे इस वर्ग के सशक्तिकरण का कार्य है तेज गति से हो रहा है।

# एचआरटीसी का आधुनकि बस अड्डा बना वरदान



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
राज्य सरकार द्वारा करसोग में नवनिर्मित एचआरटीसी का आधुनकि बस अड्डा आमजन को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। बस अड्डे पर मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं से यात्रियों के साथ-साथ, करसोग डिपो में सेवाएं देने वाले चालक-परिचालक भी खुश है। बस स्टैंड से विभिन्न गणतव्यों के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों सहित बस चालक-परिचालकों को सभी सुविधाएं अब एक ही छत के नीचे मिल रही है। 2.50 करोड़ से बना है बस अड्डा नवनिर्मित बस अड्डे को चार मंजिला बनाया गया है। इसके निर्माण पर 2.50 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि व्यय की गई है। बस अड्डे के इस चार मंजिला भवन में यात्रियों सहित यहां सेवाएं देने वाले चालक-परिचालकों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। बस अड्डे पर यात्रियों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित प्रतीक्षालय बनाया गया है। प्रतीक्षालय को इलेक्ट्रिक पंखों, पेयजल आदि सुविधाओं से लैस किया गया है। जहां पर बिना किसी असुविधा के बैठ कर यात्री अपनी बसों का इंतजार कर सकते है। यात्रियों के लिए इजी टिकट काउंटर, शॉपिंग सैंटर, शौचालय जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई है, जो यात्रियों के लिए वरदान साबित हो रही है।

**8 दुकानें निर्मित**
बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए शॉपिंग सेंटर में 8 दुकानें निर्मित की है। जिन्हें 33 माह की लीज पर क्षेत्र के स्थानीय लोगों को चलाने के लिए आबंटित किया गया है। बस स्टैंड में निर्मित इस शॉपिंग सैंटर की दुकानों के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार भी मिला है।



# 13 हजार करोड़ की पीएम विश्वकर्मा योजना से होगा देश के शिल्पकारों का कौशल निर्माण: अनुराग सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं युवा मामले व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज विश्वकर्मा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से 13 हजार करोड़ रूपए की पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारम्भ किया है जोकि देश के शिल्पकारों को मान सम्मान देने की पहल है और इस योजना से उनका कौशल निर्माण होगा। अनुराग ठाकुर आज यहाँ गेयटी थियेटर शिमला से पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारम्भ में वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के द्वारा कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना पूरे भारत में



ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पहली बार में 18 पारंपरिक व्यापारों को शामिल किया गया है जिसमें बढई, नाव निमार्ता, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट निमार्ता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तोड? वाला, पत्थर तराशने वाला, चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाला, खिलोने बनाने वाला, नाइ, मालाकार, धोबी, दरजी और मछली पकड? का जाल बनाने वाला शामिल हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा याअपने हाथों एवं औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा परिवार-आधारित पारंपरिक कौशल के अभ्यास को मजबूत और पोषित करना है। इस योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि विश्वकर्मा घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। इस आयोजन का शुभारंभ देश के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत सफलतापूर्वक किये गए पंजीकरण और सत्यापन के पश्चात लाभार्थी को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र तथा पहचान पत्र प्रदान किया जायेगा। कौशल सत्यापन के पश्चात लाभार्थी को 15 हजार रुपए का टूलकिट प्रोत्साहन प्रदान किया जायेगा। लाभार्थी को 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से स्टाईपेंड के साथ आधारभूत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के पश्चात लाभार्थी 18 माह की पुनर्भुगतान अवधि के साथ 1 लाख रुपए तक का कोलेटरल मुक्त ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। लाभार्थी आधारभूत कौशल प्रशिक्षण को पूरा करने के पश्चात 500 रूपए प्रति दिन के स्टाइपेंड के साथ उन्नत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है। कौशलयुक्त लाभार्थी जो मानक ऋण खाते का रखरखाव करता है तथा जिसने डिजिटल लेनदेन को अपनाया है अथवा जिसने उन्नत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह 30 माह की पुनर्भुगतान अवधि के साथ ऋण की 2 लाख रुपए तक की दूसरी किस्त प्राप्त कर सकता है। लाभार्थी की डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए 1 रूपए प्रति लेनदेन की दर से अधिकतम 100 लेनदेन मासिक के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

# जिंदगी की तमाम पूंजी राहत कोष में जमा कर सीएम सुक्खू ने कायम की मसाल: जीवन

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**प्रदेश मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी सारी जमा पूँजी आपदा राहत कोष में दान कर प्रदेश में ही नही अपितु पूरे देश में एक मसाल कायम की है। यह बात प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने जारी ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी जीवन की सारी कमाई मुख्यमंत्री राहत कोष में दे कर साबित कर दिया कि प्रदेश में उन जैसा जनहितैषी कोई और नही। मुख्यमंत्री ने राहत कोष में 51 लाख का योगदान दिया और अब उनके खाते में सिर्फ 17 हजार रु ही शेष बचे हैं। जीवन ठाकुर ने कहा कि आज तक किसी मुख्यमंत्री ने ऐसा नहीं किया, जैसा सुखविंदर सिंह सूक्खु द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री ने न केवल इस संकट की स्थिति में प्रदेश की जनता के



हित में विचार किया अपितु कोरोना काल में भी सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी नेक कमाई से 11 लाख रुपए मुख्यमंत्री राहत कोष में दान किए थे, जब प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की भाजपा सरकार काबिज थी। जीवन ठाकुर ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खु का व्यक्तितव अपने आप मे ही एक मिसाल है। उन्होंने सायर पर्व पर समस्त प्रदेश वासियों व जोगिंदर नगर विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# राज्यपाल ने बसंतपुर स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल ने आज शिमला ग्रामीण के बसंतपुर स्थित वृद्धाश्रम का दौरा कर, यहां रह रहे आवासियों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने फल, मिठाईयां और स्वच्छता किट भी वितरित किये। इस अवसर पर लेडी गवर्नर एवं राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा जानकी शुक्ल भी उपस्थित रहीं। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक इसका आयोजन किया जाएगा। इस सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य कार्यकताओं और राज्य रेडक्रॉस स्वयंसेवकों द्वारा घर-द्वार पर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। राज्यपाल ने परिसर का दौरा कर, उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं और भोजन व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया। वर्तमान में आश्रम में 50 वृद्धजन रह रहे हैं, जिनमें 32 पुरुष और 18 महिलाएं हैं। उन्होंने प्रबंधन को बेहतर सफाई व्यवस्था और आवासीयों को गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को सौहार्दपूर्ण वातावरण उपलब्ध करवाया जाना चाहिए ताकि उन्हें ऐसे संस्थानों में परिवार की अनुभूति प्राप्त हो। उन्होंने प्रबन्धन को सभी वृद्धजनों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। खंड चिकित्सा अधिकारी अर्जित शर्मा ने आवासियों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेखा चोपड़ा, राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की उपाध्यक्ष डॉ किमी सूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# प्रदेश में आई आपदा को लेकर हर व्यक्ति करे सरकार का सहयोग: राजेंद्र ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर शहर की बंदलाधार पर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में चल रही अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। इस समापन अवसर पर पूर्व जिला पार्षद तथा कांग्रेस सेवादल सदर के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजकों की ओर से स्कूल परिसर में पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। खिलाडि?ों ने उन्हें मार्चपास्ट कर सलामी दी तथा आयोजकों द्वारा उनका शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में राजेंद्र ठाकुर ने



कहा कि किसी भी देश की स्थिति की यदि पहचान वहां के युवाओं से होती है। युवा वर्ग को चाहिए कि वे अपनी शक्ति व ऊर्जा का प्रयोग समाज हित में करें ताकि सभ्य समाज की कल्पना सार्थक हो सके। उन्होंने कहा कि खेलों से न सिर्फ इलाके का बल्कि देश का नाम भी रोशन होता है। यही नहीं बेहतरीन उपलब्धियों से रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। प्रदेश कांग्रेस सरकार में खिलाडि?ों के लिए सरकारी नौकरी में अलग से कोटा है जिसका खिलाडि?ों को लाभ उठाना चाहिए। राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि युवाओं को वर्तमान में नशे के मकडजाल से स्वयं को बचाना एक चुनौती है। निरंतर फैल रहे नशे की रोकथाम बहुत जरूरी है लेकिन इससे जरूरी युवाओं को जागरूक होना है।

समाज को और अपने बच्चों को नशे से किस प्रकार बचाया जाए इसके लिए अभिभावकों को भी आगे आना होगा। बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए तथा कुछ संदिग्ध लगे तो तुरंत कांउसलिंग कर बच्चों को नशे की गर्त में जाने से बचाया जा सकता है। राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि तीन दिनों तक चले इस खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में बच्चों ने एक दूसरे से आगे निकलने के गुर सीखे होंगे, क्योंकि यह दौर प्रतिस्पर्धा का है इसलिए प्रेम, सामजस्य और भाईचारे को साथ लेकर आगे बढ?ा मौजूदा समय की मांग है। वहीं राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि प्रदेश हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है। बेशकीमती जानमाल का नुकसान हो चुका है तथा प्रदेश के काबिल मुख्यमंत्री व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दिन रात एक कर रहे है। सीएम सुक्खू ने अपनी सारी कमाई मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर पूरे राष्ट्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होने सभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि सीएम रिलीफ फंड में अपनी सामर्थ्य अनुसार दान करें ताकि प्रदेश एक बार फिर मजबूती से खड़ा हो सके। उन्होंने विजेता बच्चों को ईनाम बांटे। स्कूल के प्रिंसीपल मनोज महाजन ने मुख्यातिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन डीपीई विकास पुंडीर ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बंदला के प्रधान सतीश ठाकुर, दयानंद वर्मा, मनोज ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, एसएमसी प्रधान निशा देवी, भारत भूषण चब्बा, विशाल भारद्वाज, अनिल, अभिषेक डोगरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा: राकेश वालिया

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भाजपा जिला मंडी** मीडिया प्रभारी राकेश वालिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है, जिन्होंने गरीब कल्याणकारी योजना, नीतियों व कार्यक्रमो के माध्यम से गरीब सेवा करने का काम किया है। इनके नेतृतव में भारत ने निरंतर प्रगति की है। यह शब्द जिला मीडिया प्रभारी राकेश वालिया ने कहे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक भाजपा पूरे हिमांचल प्रदेश में सेवा पखवाडा के रूप में मनाएगी। आज मोदी जी देश ही नही बल्कि दुनिया के सबसे बड़े ताकतवर नेता बने है जिस पर सभी भारतवासियो को गर्व है। आज मोदी जी के प्रयासों से भारत शाक्तिशाली देश बनकर उभरा है। चंद्रयान-3के सफल परीक्षण से सभी देशवासी हर्षोल्लास के साथ गौरावाविन्त है, इसरो के वैज्ञानिकों की प्रशसा एव आभार व्यक्त करते है व देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का अभिनंदन करते है। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर से ही भाजपा ने कार्यक्रम सभी मंडलो में शुरू कर दिया है। इसी के अंतर्गत विश्वकर्मा दिवस के रूप में आज केंद्र सरकार ने अपने विश्वकर्मी भाइयों के लिए कल्याणकारी योजना शुरू की है। आज सदर मंडल का कार्यक्रम विशाल बैंकेट हाल में हुआ जिसमे विशेष रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य जी व जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा जी रहे। दरंग मंडल का कार्यक्रम पधर में हुआ। बल्ह मंडल का कार्यक्रम घटा में हुआ जिसमें विधायक इंद्र सिंह गांधी रहे व रिवालसर में प्रियंता रहे।

# सोलन जिला की 10 ग्राम पंचायतें होंगी सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**स्वच्छ सर्वेक्षण** ग्रामीण 2023 के अंतर्गत सोलन जिला की 10 पंचायतों को जिला एवं खण्ड स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सोलन के परियोजना निदेशक अजय कुमार यादव ने दी। अजय यादव ने कहा कि सोलन जिला के धर्मपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बरोटीवाला, विकास खण्ड नालागढ़ की ग्राम पंचायत नवाग्राम तथा विकास खण्ड सोलन की ग्राम पंचायत नौणी मझगांव को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# 11 दिन बाद बहाल हुआ निगुलसारी समीप एनएच-5



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/ अनिल नेगी**

**जिला किन्नौर** के निगुलसारी समीप एनएच-5 लम्बे समय यानि करीब 11 दिनो से अवरुद्ध था क्योंकि इस जगह पर भयंकर भूसखलन हुआ था जिसके चलते मौके पर बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने 11 दिन मोर्चा संभाल कर इस एनएच-5 की बहाली का जायजा लिया और आज एनएच-5 को बहाल कर दिया गया है जिसके बाद अब सडक के दोनो ओर फसे सैकड़ो वाहनों को अपने अपने गंत्वयों तक भेजा जा रहा है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि निगुलसारी समीप एनएच-5 7 सितम्बर को भूसखलन के चलते अवरुद्ध हुआ था जिसके बाद वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप्प हो चुकी थी ऐसे मे इस मुख्य सडक बहाली के चुनौती को पूरा करने मे एनएच-5 प्राधिकरण, पीडबल्यूडी विभाग, सेनाएपटेल कम्पनी, शोरंग प्रोजेक्ट, पुलिस, होमगार्ड, स्वास्थ्य विभाग, निचार खंड के विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि व खासकर ठेकेदार हितेश नेगी राजेंद्र नेगी, जीता नेगी, ने रोजाना 20 घंटे अपनी सेवाए दी है और अपनी मशीन व बड़े बड़े डम्पर निःशुल्क रूप से मौके पर सडक बहाली हेतू लगाया था जिसके चलते 11 दिनो बाद एनएच-5 बहाल हुआ है उन्होंने कहा कि फिलहाल एनएच-5 बहाली के बाद अब नियमो अनुसार वाहनों को अपने गंत्वयों तक भेजनें के लिए पुलिस को ट्रेफिक की देखरेख करने के निर्देश भी दिए है ताकि ब्लॉक पॉइंट पर भगदड न मचे उन्होंने कहा कि निगुलसरी समीप एनएच-5 दोबारा कभी बंद हो सकता है तो इस द्दष्टि से कम्बा सडक सम्पर्क मार्ग से होते हुए दूसरी ओर सुरक्षित सडक बनाने के लिए सर्वे किया गया है और जल्द ही उसका कार्य भी शुरू किया जाएगा।

# 'हिमाचल के हर कोने में गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनाहट्टी में आयोजित शिमला-2 अंडर-19 जोनल खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हिमाचल के हर कोने में गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए समय-समय पर सरकार द्वारा उचित कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि हम सभी को देश की सभ्यता,



संस्कृति और गौरवशाली इतिहास की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है और उस संस्कृति को दैनिक आधार पर भी हमें साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्कूल के शुरूआती दौर में जो हम लोग सीखते हुए हैं, वह ज्ञान आगे चलकर जिंदगी भर हम सभी के कार्य आता है। उन्होंने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताएं अत्यंत आवश्यक है जिसमे हर एक बच्चे को भाग लेना चाहिए।

**प्रदेश को आपदा से हुआ करोड़ों का नुकसान**

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आपदा से करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई के लिए सभी लोग दिन रात मेहनत कर रहे है। प्रदेश में अकेले लोक निर्माण विभाग में लगभग 3000 करोड़ का नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लगभग 1600 सडकें बंद हुई थी जिसमें से अब सिर्फ 20-25 सडकें बंद है जिनको अगले 10 दिन के भीतर बहाल करने के प्रयास किए जायेंगे।

**शिमला ग्रामीण के साथ पूरे प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता**

उन्होंने कहा कि तथ्यों एवं मुद्दों पर आधारित राजनीति करना हमारा हमेशा ही प्रयास रहा है। शिमला ग्रामीण के साथ पूरे प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण के अंतर्गत दधोती कडेची सडक की मैटलिंग एवं टायरिंग के लिए 11 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। वहीं पडेच कडेच सडक के लिए भी 6 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त शारडा कझेल सडक के टायरिंग का निर्माण कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है तथा घनाहट्टी पडेच संपर्क मार्ग के लिए 20 लाख स्वीकृत किए जा चुके है। उन्होंने विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार तथा खेल मैदान की दीवार लगाने के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण में धामी के समीप निमार्णाधीन स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के लिए अतिरिक्त बजट की मांग केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी है।

# जमीन के बदले जमीन और मकान के बदले मकान देने में प्राथमिकता दे सरकार: गुमान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

इस वर्ष हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान और समाधान के मुद्दे को प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों द्वारा वास्तविक नुकसान की भरपाई हेतु अपने साँझा एजेंडे में शामिल किया जाये। गुमान सिंह हिमालयन निति अभियान हिमाचल प्रदेश ने पत्रकार वार्ता के दौरान यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में अभूतपूर्व बारिश ने राज्य भर में कहर बरपाया है। अचानक बाढ़, बादल फटना, भूस्खलन, भूमि का धंसना और आबादी वाले पहाड़ी ढलानों का दरकना जैसी चरम घटनाओं ने राज्य भर में जीवन और संपत्ति को तबाह कर दिया है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान अनुमान बताते हैं कि राज्य भर में घटित विभिन्न घटनाओं में 404 लोगों की जान चली गई। 38 लोग अभी भी लापता हैं और 377 लोग घायल हुए हैं। इस भारी जनहानि के अलावा 10140 पशुधन की मृत्यु तथा 5644 गौशालाएँ नष्ट हुई हैं। अनेक इमारतों को भारी क्षति हुई है जिसमें 2546 रिहायशी मकान तथा 317 दुकानें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं।10853 रिहायशी मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिससे एक बड़ी आबादी को रहने के लिए वैकल्पिक स्थानों की तलाश करनी पड़ी है। इस आपदा के लिए तीन चरम दौर 8 से 11 जुलाई, 11 से 14 अगस्त और 22 व 23 अगस्त और 163 पहचाने गए भूस्खलन स्थल तथा 72 अचानक बाढ़ की घटनाएं अधिकांश प्रभाव के लिए जिम्मेदार रहे हैं। जिसमें कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन और चंबा जिले सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा विभिन्न खतरनाक भूस्खलनों और बाढ़ के कारण कृषि और बागवानी भूमि को भारी नुकसान हुआ है। सार्वजनिक संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है। खासकर ग्रामीण, जिला और राज्य की सडकें, राष्ट्रीय राजमार्ग, व विशेष रूप से फोरलेन सडकें प्रभावित हुईं हैं। मंडी से मनाली तक कीरतपुर-मनाली फोरलेन और परवाणू से सोलन तक कालका-शिमला फोरलेन कई स्थानों पर बह गई है। कई सिंचाई और जलापूर्ति योजनाएं भी बह गईं। महत्वपूर्ण इमारतें और स्कूल जैसी सार्वजनिक उपयोगिता वाली इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं है। कई जलविद्युत परियोजनाएँ और बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं या बंद हो गईं। भूस्खलन से वन भूमि और वनस्पति भी गंभीर रूप से प्रभावित हुई। राज्य सरकार को फिलहाल 12,000 करोड़ रुपये से अधिक के कुल आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। इतना भारी नुकसान हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ हैं। उन्होंने कहा कि इन आकलनों के आधार पर अनुमानतः यह बहुत बड़ी आपदा है और हिमाचल के लिए अपने आप इसकी भरपाई करना संभव नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार द्वारा तुरंत इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित की जाये। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य में 2023 मानसून आपदाओं के दौरान उभरने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को उजागर करने हेतु यह प्रारंभिक विश्लेषण हिमालय नीति अभियान, फोरलेन प्रभावित व विभिन्न नागरिक, सामाजिक संगठनों, पर्यावरण कार्यकताओं, सेवानिवृत्त लोक सेवकों और वैज्ञानिक समुदाय एवं हिमाचल के जन संगठनों की रिपोर्टिंग के आधार पर संकलित किया गया है। इस विश्लेषण में 28-29 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय वेबिनार श्रृंखला में हुए तार्किक विमर्श व विशेषज्ञों की टिप्पणियां भी शामिल हैं जिसमे विशेष रूप से डॉ रवि चोपड़ निदेशक पीएसआई देहरादून, डॉ नवीन जुयाल भूवैज्ञानिक, हिमांशु ठक्कर, बांध एवं जल वैज्ञानिक, डॉ. हिमांशु कुलकर्णी भू-वैज्ञानिक, श्रीधर राममूर्ति भूवैज्ञानिक, अभय शुक्ला पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, हिमाचल सरकार राजेंद्र रवि जनाधिकार कार्यकर्ता, डॉ. ओ.पी. भुरैटा भू-वैज्ञानिक, एवं हिमाचल के अन्य संगठनो से 45 कार्यकर्ता शामिल रहे। उन्होंने कहा कि जो लोग बेघर हो गए हैं और जिनकी आजीविका गंभीर रूप से प्रभावित हुई है, उन्हें जमीन के बदले जमीन और मकान के बदले मकान देने में प्राथमिकता दी जानी चाहिए और राज्य और केंद्र सरकार द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए। इस संकट को श्राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाये। प्रत्येक प्रकार के भूमि-उपयोग के लिए उचित भूमि.स्थिति के मुद्दे को राज्य की भविष्य की कार्य योजनाओं को वैज्ञानिक आधार पर महत्वपूर्ण एजेंडा बनाया जाना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों को भी इसे अपने राजनीतिक एजेंडे में साँझा मसौदे के रूप में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओंए बांधों और जलविद्युत परियोजनाओं, फोरलेन व अन्य सडकों, बहुमंजिला इमारत निर्माण पर कानूनों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए और उनके प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर निर्माण किया जाना चाहिए।

